# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 15 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## विश्व में 45.43 लाख लोग संक्रमित

*दुनिया में करोनावायरस से अब तक 45.43 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं। 17 लाख 13 हजार 215 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा 3 लाख 03 हजार 707 पर पहुंच गया है।*

## अमेरिका में संक्रमण

अमेरिका में 14,57,593 मामले सामने आ चुके हैं। जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के मुताबिक न्यूयॉर्क सबसे प्रभावित राज्य है।

## देश में 83000 के करीब संक्रमित, 2649 की मौत

**डेली संवाद, नई दिल्ली:** कोरोना से देश में अब तक तकरीबन 83000 लोग कोरोना संक्रमण का शिकार हो चुके हैं। जबकि 2649 लोग इस महमारी में अपनी जान गंवा चुके हैं। दिल्ली में 425, राजस्थान में 154, आंध्रप्रदेश में 102, कर्नाटक में 45, बिहार में 6, पंजाब में 2, और हिमाचल प्रदेश में 1 मरीज मिला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में 81 हजार 970 संक्रमित हैं। 51 हजार 401 का इलाज चल रहा है।

बीएसएफ के 11 जवान और संक्रमित हो गए हैं। ये मामले पिछले 24 घंटे में आए हैं।

## पंजाब



पंजाब में कोरोना वायरस के अब तक कुल तकरीबन 2007मामले सामने आए हैं। इससे मरने वालों की संख्या 35 है और 210 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं।

## एक नजर

### जिंदगी जीने का नाम है...



**डेली संवाद, जालंधर**
जालंधर के सिविल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में गोपी की मस्ती। कोरोना मरीजों को ठुमका लगाने पर विवश करती गोपी है असली कोरोना योद्धा।

### कैबिनेट मंत्री मेघवाल को गुरुग्राम के वेदांता अस्पताल में कराया भर्ती

**डेली संवाद, जयपुर :** राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल को जयपुर से गुरुग्राम के वेदांता



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मास्टर मेघवाल को आज सुबह एयर एंबुलेंस से वेदांता अस्पताल ले जाया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मेघवाल के परिजनों से बात की और इलाज के लिए मेघवाल को वेदांता अस्पताल ले जाने तक मामले में निगरानी रखी। उन्होंने फोन कर वेदांता अस्पताल से भी बात की।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी, चीन से सारे रिश्ते तोड़ दूंगा

**वॉशिंगटन :** पूरे विश्व में फैले कोरोना वायरस ने सबसे अधिक



प्रभावित अमेरिका में आक्रामक रुख अपनाया हुआ है। अमेरिका इस वैश विक समस- या के लिए केवल और केवल चीन को जिम्मेदार मान रहा है। अब अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस को दुनिया भर में फैलाने का आरोप लगाकर चीन से सारे रिश्ते तोड़ने की धमकी दी है। दुनिया भर में इस जानलेवा वायरस ने तकरीबन तीन लाख लोगों की जान ले ली है, जिनमें 80,000 से ज्यादा अमेरिकी शामिल हैं। भारत में भी कोरोना वायरस से 80,000 से अधिक लोग प्रभावित हो चुके हैं, जबकि ढाई हजार लोगों की जानें जा चुकी हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, मैं चीन के राष्ट्पति शी चिनफिंग से फिलहाल कोई बात नहीं करना चाहता। हालांकि उनके चिनफिंग से अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप ने कहा कि चीन ने उन्हें निराश किया है।

**राहत पैकेज : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया तीसरी किश्त का ब्यौरा**

# किसानों के लिए 1 लाख करोड़

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लघु एवं कुटीर उद्योगों, मजदूरों और दिहाड़ीदारों के बाद आज किसानों के राहतों का पिटारा खोला है। शुक्रवार को उन्होंने प्रैस कांफ्रेंस के दौरान देश में कृषि के बुनियादी ढांचे के लिए एक लाख करोड़ रुपये देने का ऐलान किया। इस राशि से कृषि अवसंरचना परियोजनाओं को लाभ मिलेगा।निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसानों की निश्चित आय, जोखिम रहित खेती और गुणवत्ता के मानकीकरण के लिए एक कानून बनाया जाएगा। इससे किसानों का उत्पीडऩ रोका जाएगा और किसानों के जीवन



में सुधार आएगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन किया जाएगा।

ऑपरेशन ग्रीन का विस्तार टमाटर, प्याज और आलू के अलावा बाकी सभी फल और सब्जियों के लिए भी किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 20 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को जल्द लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 हजार करोड़ रुपये एक्काकल्चर गतिविधियों के लिए आवंटित किए गए हैं। इस योजना से मछुआरों को काफी फायदा होगा।

वित्त मंत्री ने पशुपालन सेक्टर की बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एनिमल हस्बैंडरी इंफास्ट्रक्चर डेवलप फंड के तौर पर 15 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान का ऐलान किया है।

### कोरोना संकट के बीच भारत को बड़ी राहत, वर्ल्ड बैंक से मिलेगा 1 बिलियन डॉलर का पैकेज

**नई दिल्ली :** विश्व बैंक ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर भारत के लिए एक बिलियन डॉलर (लगभग 7500 करोड़ रुपए) के सामाजिक सुरक्षा पैकेज की घोषणा की है। बैंक ने शुक्रवार को शहरी गरीब और प्रवासी श्रमिकों के लिए प्रौद्योगिकी से संबंधित योजनाओं में सरकार की सहायता के लिए सामाजिक सुरक्षा निधि के रूप में इस राशि को मंजूरी दी। बैंक ने कहा कि इससे भारत अपनी सभी 400-प्लस सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रौद्योगिकी के स्तर पर एकीकृत करने में सक्षम होगा। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर जुनैद अहमद ने कहा कि यह परियोजना शहरी गरीबों के प्रति सामाजिक सुरक्षा को संतुलित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पीएम का आत्मानिर्भर मिशन दिशाओं के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है और भारत कोविड -19 के बाद के जीवन और आजीविका के बीच अंतर नहीं कर रहा है।

## भगवान बदरीनाथ के आज खुल गए कपाट

**10 कुंतल फूलों से सजाया गया मंदिर, आप भी करें दर्शन**



**डेली सवाद, बदरीनाथ।** पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद आज (शुक्रवार) सुबह 4.30 बजे बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोल दिए गए। इस बार बेहद सादगी के साथ कपाट खोले गए। कपाटोद्घाटन मे मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी भूवन चन्द्र उनियाल, राजगुरु, हकहकूकधारियो सहित केवल 11 लोग ही शामिल हो सके। बदरीनाथ धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया 14 मई (गुरुवार) से ही शुरू हो गई थी। कपाट खोलने से पहले बदरीनाथ सिंह द्वार, मंदिर परिसर, परिक्रमा स्थल, तप्त कुंड के साथ ही विभिन्न स्थानों को सैनिटाइज किया गया। योग ध्यान बदरी मंदिर पांडुकेश्वर में कुबेर जी, उद्धव जी और गरुड़ जी की विशेष पूजाएं हुईं। हक-हकूकधारियों ने सामाजिक दूरी का पालन करते हुए भगवान श्री बदरीनाथ की पूजा अर्चना की और पुष्प अर्पित किए। बदरीनाथ धाम को 10 क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की ओर से मंदिर को सजाया गया। देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की ओर से मंदिर को सजाया गया है।

## कोरोना संकट के बीच भारत के लिए खुशखबरी, जुलाई में मिलेंगे 4 राफेल

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोरोना संकट और पाकिस्तान व चीन के साथ गत कुछ महीनों से चल रही तनातनी के बीच अब भारत के लिए खुशी की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि जुलाई के अंत में भारत को चार राफेल विमान सौंप दिए जाएंगे, जिससे भारत की सैन्य ताकत में और बढ़ जाएगी। इन सभी विमानों को भारतीय सेना के अंबाला एयरबेस पर तैनात किया जाएगा।

हालांकि, इन राफेल विमानों को पहले ही भारत को सौंपने की तैयारी थी लेकिन कोरोना संकट के कारण इन्हें मिलने में थोड़ी देर हो गई। गौरतलब है कि राफेल एक फ्रांसीसी कंपनी डैसॉल्ट एविएशन निर्मित दो इंजन वाला मध्यम मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) है। राफेल लड़ाकू विमानों को %ओमनिरोल% विमानों के रूप में रखा गया है, जो कि युद्ध में अहम रोल निभाने में सक्षम हैं।



### इन बदलावों के साथ मिलेगा राफेल

- भारत के लिए राफेल विमानों में इजरायल के हेलमेट माउंटेड डिस्प्ले लगवाए गए हैं।
- इनमें रेडार वॉर्निंग रिसीवर्स भी लगे हैं.
- फ्लाइट का डेटा मेंटन करने के लिए राफेल में डेटा रिकॉर्डिंग सिस्टम भी लगाए गए हैं, जिससे 10 घंटे का डेटा रिकॉर्ड हो सकता है।
- भारत को मिलने वाले राफेल जेट में लो बैंड के जैमर्स लगाए गए हैं।
- इसके ट्रैकिंग सिस्टम और इंफ्रा रेड सर्च को भी मोडिफाई किया है।

### जबरदस्त हैं विमान की खासियतें

- राफेल विमान एक मिनट में 60 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। इसकी ईंधन क्षमता करीब 17 हजार किलोग्राम है।
- राफेल की मारक क्षमता 3700 किलोमीटर तक है। स्काल्प की रेंज 300 किलोमीटर है।
- राफेल विमान एक बार में 24,500 किलो तक का वजन ले जा सकता है
- ये विमान 60 घंटे की अतिरिक्त उड़ान भी भर सकता है।

**लॉकडाउन में पूरा वेतन**

### सुप्रीम कोर्ट ने गृह मंत्रालय के आदेश पर रोक लगाई, कहा-किसी कंपनी पर न हो केस

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूरे भारत में प्रशासन को आदेश दिया कि वे उन नियोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा न चलाएं, जो कोविड-19 के कारण राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान कामगारों को पूरे पारिश्रमिक का भुगतान करने में असमर्थ हैं। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, संजय किशन कौल और बी.आर. गवई की पीठ ने केंद्र और राज्यों से मजदूरी का भुगतान न कर पाने पर निजी कंपनियों, कारखानों आदि के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को कहा। शीर्ष अदालत ने औद्योगिक इकाइयों द्वारा दायर याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा है। औद्योगिक इकाइयां यह दावा करते हुए अदालत चली गईं कि उनके पास भुगतान करने का कोई उपाय नहीं है, क्योंकि उत्पादन ठप पड़ा हुआ है। याचिकाकर्ताओं ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि कोरोनावायरस महामारी के मद्देनजर लागू राष्ट्रव्यापी तालाबंदी के दौरान संगठनों को उनके कार्यबल को भुगतान करने से पूरी तरह से छूट दी जानी चाहिए।

## यूपी आने वाले प्रवासियों से अब ट्रेन का कोई किराया नहीं लिया जाएगा

**डेली संवाद, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब कहा है कि राज्य के अनुरोध पर जो विशेष ट्रेनें चल रही हैं, उनके लिए प्रवासी मजदूरों से कोई किराया नहीं लिया जाएगा। राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने कहा, ÷मुख्यमंत्री ने तय किया है कि राज्य के अनुरोध पर चलने वाली ट्रेनों से आने वाले प्रवासी मजदूरों से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। इसके लिए रेलवे को अग्रिम भुगतान दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अन्य राज्यों से आने वाले सभी लोगों का डेटा एकत्र किया जा रहा है और उन्हें आने वाले दिनों में उनके कौशल के अनुसार काम दिया जाएगा। जिन लोगों का चिकित्सा परीक्षण हो गया है उन्हें भोजन के पैकेट के देकर घरेलू क्वारंटीन के लिए भेजा जा रहा है और मुख्यमंत्री द्वारा



सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी प्रवासी पैदल न आए और न ही दो पहिया वाहनों का उपयोग करे। उन्होंने कहा कि गुरुवार तक 318 ट्रेनें दूसरे राज्यों से 3.84 लाख प्रवासी मजदूरों को यूपी ला चुकी थीं, जबकि रोडवेज बसों द्वारा छात्रों सहित 72,637 लोगों को लाया गया है। अब भी हजारों प्रवासी कामगार पैदल और साइकिल पर अपने घर लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से उन लोगों पर 100 रुपये का जुर्माना लगाने के लिए भी कहा जो मास्क नहीं पहन रहे हैं या अपने चेहरे को ढंक रहे हैं।






## लॉकडाउन के बीच 10 जिलों में बसों का आवागमन आज से शुरू

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

हरियाणा के दस जिलों में आज से शुरू हुई बसें। पंचकूला से 10 जिलों के लिए शुरू हुई हरियाणा रोडवेज की बस सर्विस।थर्मल स्क्रीनिंग के बाद 30 लोग कर सकेंगे एक बस में यात्रा।

पंचकूला सेक्टर 5 बस स्टैंड से लॉक डाउन के चलते भी यात्रियों को 10 जिलों के रूटों पर सफर करने का मौका मिलेगा। स्वास्थ विभाग की ओर से थर्मल स्क्रीनिंग करने के लिए उन्हें मशीन में मुहैया कराई जाएंगी।

बसों का संचालन शुरू

पंचकूला बस स्टैंड के तरूरविंद्र पाठक ने बताया कि बसों का संचालन आज से शुरू हो गया है। इसके लिए बसें सैनिटाइज करके पूरी तरह तैयार हैं। वहीं बस में यात्रा के लिए ऑनलाइन बुकिंग हुई शुरू। बस की टिकट ऑनलाइनट बुकिंग के जरिए मिलनी शुरू।

लोगों को ऑनलाइन टिकट कंफर्म होने के बाद ही उन्हें बस में



चढ़ने दिया जाएगा। सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए बस में 30 यात्रियों से ज्यादा नहीं बैठ सकेंगे। बस में सफर करने वाले यात्री, चालक और परिचालक सभी मास्क लगाकर ही रहेंगे।

बसों को सेनिटाइज किया गया

सभी बसों को सैनिटाइज करने के बाद ही रोड पर चलाया जा रहा है। पंचकूला से बसें अंबाला, भिवानी, हिसार, कैथल, करनाल, नारनौल, रोहतक, रेवाड़ी, सिरसा के लिए आज से शुरू।

बसों का परिचालन हरियाणा राज्य परिवहन के बस अड्डों से निर्धारित बस अड्डों तक ही किया जाएगा और रास्ते में पड़ने वाले स्टेशन से किसी भी यात्री को बस में चढ़ने या उतरने की अनुमति नहीं होगी। कोरोना से प्रभावित जिलों से गुजरने वाली बसें बाइपास या फ्लाईओवर से गुजरेंगी।

### गुजरात के मंत्री चूड़ासमा को राहत, निर्वाचन रद्द करने के फैसले पर लगी रोक



**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कदाचार और हेराफेरी के आधार पर गुजरात के शिक्षा एवं कानून मंत्री भूपेंद्र सिंह चूड़ासमा का निर्वाचन रद्द किये जाने के उच्च न्यायालय के फैसले पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम. एम. शांतनगौदर और न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और नीरज किशन कौल तथा श्री चूड़ासमा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस उम्मीदवार आश्विन राठौड़ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी। न्यायालय ने राठौड़ को नोटिस भी जारी किया।





